उल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली

जुन्नारदेव, देशबन्धु । नगर में शुक्रवार को रंगों के पर्व होली पर जमकर रंग गुलाल उड़े। सुबह से ही बच्चे युवा महिला बुजुर्ग सभी होली के रंगों में रंगे हुए नजर आए होली का दहन के पश्चात रात्रि में ही सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। सुबह होते ही हाथों में रंग गुलाल लेकर युवाओं की टोली निकल पड़ी बच्चे भी होली के रंग में सराबोर नजर आए। महिलाओं और बुजुर्गों की टोली भी नगर में जगह-जगह एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देता नजर आई। देर रात्रि तक नगर सहित ग्रामीण अंचलों में होली की धूम मची रही।

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

होली पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी राकेश बघेल के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे सहित समूचा जुन्नारदेव पुलिस बल होली दहन की रात्रि से शुक्रवार देर रात्रि तक शांति व्यवस्था बनाने में जुटा रहा पुलिस प्रशासन की सजगता से होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां पर छुटपुट विवादों को छोड़ दे तो किसी भी प्रकार के बड़े विवाद क्षेत्र में नहीं हुए।

मेघनाद मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जुन्नारदेव, देशबन्धु । छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव तहसील के रैनी धाम (बुर्रीकला) में लगने वाला ऐतिहासिक मेघनाद मेला गत शनिवार से शुरू हो गया, यह मेला सदियों पुरानी परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए खंडेरा बाबा के दर्शन करने आते हैं। छिंदवाड़ा,बैतूल, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, सिवनी, बालाघाट सहित मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु इस मेले में शामिल होते हैं। मान्यता है कि लंकेश रावण के पुत्र मेघनाद (इंद्रजीत) आदिवासियों के आराध्य देव हैं और यहां स्थित खंडेरा बाबा के मंदिर में उनकी कृपा से हर मनोकामना पूरी होती है।

खंडेरा बाबा के दर्शन से मेले का शुभारंभ - रैनी धाम में लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले की शुरुआत खंडेरा बाबा के दर्शन और विशेष पूजा-अर्चना से होती है। वर्षों पुरानी मान्यता के अनुसार, जो भी श्रद्धालु इस पवित्र स्थल पर सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

इस मेले की सबसे अनूठी और रहस्यमयी परंपरा है 'वीर चढ़ाने' की प्रथा। जिन भक्तों

की मन्नत पूरी हो जाती है, वे इस अनुष्ठान को पूरा करने के लिए वीर लेकर खंडेरा बाबा के पास आते हैं।

मेले की शुरुआत होते ही, जिन लोगों की मन्नत पूरी होती है, उनके घरों में कोई न कोई व्यक्ति 'वीर' के रूप में शक्ति से भर जाता है। जैसे ही मेला शुरू होता है, उसके शरीर में एक दिव्य ऊर्जा आ जाती है और वह बिना किसी रोक-टोक के खंडेरा बाबा की ओर दौड़ने लगता है।

वीर के शरीर में इतनी शक्ति होती है कि कई लोग मिलकर भी उसे संभाल नहीं पाते। घर से उसे स्नान कराकर, नए कपड़े पहनाकर और रस्सियों से बांधकर लाया जाता है। जैसे ही वह खंडेरा बाबा के पास पहुंचता है, उसकी यह रहस्यमयी शक्ति शांत हो जाती है और वह सामान्य अवस्था में लौट आता है। यह दृश्य देखने के लिए मेले में हजारों की भीड़ उमड़ती है।

तकनीक और आधुनिकता के इस युग में भी रैनी धाम में पशु बलि की परंपरा पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जाती है। जिनकी मन्नत पूरी होती है, वे मुर्गा या बकरा बलि चढ़ाकर खंडेरा बाबा का आभार प्रकट करते हैं।

भक्त मुर्गा या बकरा लेकर आते हैं और पहले उन्हें खंडेरा बाबा के स्थान पर चढ़ाते हैं। इसके बाद उनकी बलि देकर, प्रसाद के रूप में भोजन बनाकर सभी लोग इसे ग्रहण करते हैं।

पंचमी तक खेली जाती है होली - जहां देशभर में होलिका दहन के अगले दिन रंग खेला जाता है, वहीं रैनी धाम में पूरे पांच दिन तक धुरेंडी (रंगों का त्योहार) मनाया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु रंग-गुलाल उड़ाकर मेले की खुशियों में शामिल होते हैं।

सार-समाचार

मारपीट और तलवार लहराने पर भामा ग्रामवासी पर मामला दर्ज

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत दिवस झौंतेश्वर चौकी पुलिस ने भामा गांव निवासी रामप्रसाद गौंड़ पर दो मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला लक्ष्मण गौंड़ की रिपोर्ट पर पुरानी रंजिश के चलते हुए गाली गलौच और मारपीट की घटना करने पर रामप्रसाद गौड़ पर धारा 296,118,115 के तहत मामला दर्ज किया था। इस घटना के दूसरे दिन रामप्रसाद ठाकुर ने लोहे की तलवार को लहराते हुए भामा गांव में लोगों को डराने का प्रयास किया। इसकी जानकारी पुलिस को मिलने पर आरोपी के खिलाफ दूसरा मामला अलग से दर्ज किया गया है।वहीं अन्य मामले में एनएच 44 बचई मोड़ पर सड़क हादसे की घटना में नेतराम लोधी की इलाज के बाद मौत हो गई थी। यह घटना बीते 3 मार्च को घटित हुई थी। जिसमें मुंगवानी पुलिस द्वारा मर्ग का प्रकरण कायम करने के बाद जांच की जा रही थी। इस मामले में जांच के बाद वाहन क्रमांक एमपी 49 एमआर 4534 के चालक के खिलाफ धारा 106,184 के तहत प्रकरण कायम किया है।

फांसी लगाकर दी जान

गोटेगांव, देशबन्धु । नगर के रिपटा मोहल्ला गौरादेवी वार्ड के निवासी लोकमणि रजक उम्र 47 वर्ष ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक ने किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या की है पुलिस द्वारा जांच जारी है।बहरहाल नगर में उक्त चर्चा भी हो रही है कि स्व.रजक ने किस कारण से आत्महत्या की होगी। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

आशा कार्यकर्ताओं की हुई द्वितीय चरण की परीक्षा

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को विभाग में आशा कार्यकर्ताओं के लिए द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की गई। हमारे संवाददाता को जिला योजना समिति परीक्षा प्रभारी मुकेश रघुवंशी ने बताया कि इस परीक्षा के पहले एक परीक्षा और आयोजित की गई थी जिसका यह परीक्षा दूसरा भाग है और तीसरा भाग परीक्षा का जिला मुख्यालय के किसी भी केंद्र में शासन के निर्देशानुसार आयोजित की जा सकेगी। तब इस तीसरी परीक्षा में उत्तीर्ण आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों द्वारा चयनित किया जाएगा। इस आयोजन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस एस धुर्वे,जिला योजना समिति स्वास्थ्य विभाग मुकेश रघुवंशी सहित स्वास्थ्य विभाग का अमल मौजूद रहा।

पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

जुन्नारदेव, देशबन्धु । नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी मुकेश कंदेले, उमेश कंदेले द्वारा अपनी माता की 25वीं पुण्यतिथि पर घर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर घर के परिसर में पौधारोपण किया गया उनके द्वारा बताया गया कि वह बीते 25 वर्षों से माता जी और पिताजी की पुण्यतिथि पर पुनीत कार्य करते आ रहे हैं धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन के साथ-साथ पौधारोपण एवं अन्य सामाजिक कार्यों को उनके द्वारा किया जाता रहा है। सुंदरकांड पाठ सुरेश बोरकर मित्र मंडली द्वारा संपन्न कराया गया । इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने के लिए निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

सौंसर, देशबन्धु । महाबोधि महाविहार बौद्धगया के अधिनियम बीटी एक्ट 1949 को निरस्त कर बौद्धों की विरासत महाबोधि महाविहार पूर्णता बौद्धों को सौंपा जाए(इस विषय को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल, बौद्ध सामाजिक संगठनों व अनुयायियों द्वारा पूज्य भंते सारिपुत्र जी की प्रमुख उपस्थिति में गुरुवार दोपहर 1 बजे एसडीएम सौंसर की ओर बिहार राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

समता सैनिक दल सहायक जीओसी हीरामन सोमकुंवर, पीआरओ रमेश रंगारे, शाखा अधिकारी शेषराव बागडे की प्रमुख मौजूदगी में भारतीय बौद्ध महासभा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाटिल द्वारा ज्ञापन के विषय को लेकर प्रशाशन को अवगत कराया गया। इसके पूर्व बौद्ध विहार से एकत्रित होकर बाजार चौक, बस स्टैंड होते हुए रैली महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने आवाज बुलंद कर तहसील कार्यालय पहुंची। इस अवसर पर ग्रामीण अंचलों से बौद्ध अनुयाई, समता सैनिक दल के सैनिक, सैनिकाए, बड़ी संख्या में मौजूद थे। ज्ञात हो कि देश के बौद्ध भंते व बौद्ध बंधुओ एवं विश्व भर के बौद्ध राष्ट्रों के द्वारा महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने आंदोलन किया जा रहा है।

समता सैनिक दल भारतीय बौद्ध महासभा व अनुयायियों में अरविंद कोचे, ओमप्रकाश ढोक, प्रशांत डोंगरे, भीमराव वाहने, अरविंद हनवते, ज्योति बंसोड, ज्योति दुफारे, संगीता सहारे,नीलिमा पाटिल, आकाश सहारे, धम्मपाल वाहने,अशोक डोंगरे,एस एम ठवरे, बाबूराव कोचे, चंदा सहारे, विलास गोडबोले, देवेंद्र पाटिल, कृष्णा पहाड़े,भीमराव शेंडे,भास्कर ठवरे, राजेंद्र गजभिए, भाऊराव वाहने, एड विनोद सोमकुंवर,एड आर के गजभिए सहित जोबनी, खापा, बानाबाकोडा, रामपेठ, खैरीतायगांव, मोहगांव, जाम, बेरडी, काजलवाणी, रामाकोना, पारडसिंगा, पीपला आदि ग्रामों के अनुयाई मौजूद रहे।

गौकाष्ठ से किया गया होलिका दहन

सौसर, देशबन्धु । बहुउद्देशीय स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा किया जा रहा है गोकाष्ठ का निर्माण भोपाल मॉडल की तर्ज पर वैज्ञानिक योगेंद्र सक्सेना के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सौसर नवांकुर संस्था युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन सदस्यों के माध्यम से तथा सौसर नगर की एकमात्र कडु कॉलोनी वार्ड नंबर 10/11वार्ड वासियों के द्वारा सामूहिक रूप से एकमात्र होलिका दहन गोकाष्ठ (गौ माता के गोबर की बनी हुई लकड़ियां) का उपयोग कर होली दहन किया गया हमारे सनातन धर्म में गौ माता के गोबर का हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी है तथा हम गौ को माता के रूप में पूजते हैं और नगर वासियों से निवेदन किया गया कि आने वाले वर्ष में हमारे सौसर नगर में गोकाष्ठ का उपयोग करेंगे अभी संपूर्ण सौसर

नगर मे होली दहन करने के लिए पेड़ों की लकड़ियों का उपयोग किया जाता है ।

लकड़ी के जलने से होने वाले प्रदूषण भी अधिक बढ़ते जा रहा है गोकाष्ठ के माध्यम से प्रदूषण कम किया जा सकता है क्योंकि गोकाष्ठ से लकड़ी की तुलना में अन्य प्रदूषण का उत्सर्जन 40 प्रतिशत कम होता है वही इसके कारण बड़े पैमाने पर प्रदूषण भी रुकता है गाय का गोबर पंचगव्य में से एक होने के कारण लोगों द्वारा इसकी मांग बढ़ रही है वार्ड वासियों द्वारा संकल्प लिया गया कि हर वर्ष हम पूरे वार्ड के लोग गोबर के ही लकड़ी गोकाष्ठ का उपयोग करके होलिका दहन करेंगे वार्ड के वरिष्ठ नागरिक नानाजी चौधरी विवेक वाडेकर रमेश ठाकरे जयप्रकाश चकोले दशरथ कोठे लक्ष्मी नारायण डिगा प्रमोद चकोले उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग किया गया सामाजिक संस्था युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन के पदाधिकारी योगेश सोमकुंवर गोपाल कोठे हेमंत हिवरकर पंकज रंगारे भूषण कोठे गणेश हुरडे राहुल कोठे वार्ड की मातृशक्तियां रूपाली चकोले अनीता वाडेकर अश्विनी कोठे अश्विनी सहारे कंचन बरापात्रे शिवानी बोडखे भी प्रमुख रूप से उपस्थित थी तथा गौ संरक्षण के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया।

बजट किसान युवा, मजदूर विरोधी : माकपा

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत दिवस दिनांक मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने मध्य प्रदेश विधानसभा में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट सिर्फ़ कार्पोरेट हित का एवं किसान ओर मजदूर विरोधी बताया है ।

4लाख 34हजार करोड़ के कर्ज वाले राज्य में 3लाख 75हजार करोड़ का बजट पेश करना राज्य की स्थिति को दर्शाता है। बजट में किसानों, मजदूरों, महिलाओं से किए वादे गेहुं 2700धान 3100, लाडली बहना को 3000, नए पंजीयन के लिए बजट में कोई स्थान नहीं है रोजगार के लिए सिर्फ़ 1प्रतिशत की व्यवस्था युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। निजी क्षेत्र में तक रोजगार की कमी दर्शाता है, 17प्रतिशत राशि ढांचागत विकास जो चंद पूंजीपतियों के लिए होगा गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है, स्कूलों में घटती दर्ज संख्या को देखते हुए बजट में प्रावधान नहीं है जिससे भावी पीढ़ी निरक्षर होगी, दलित आदिवासियों के लिए संख्या के हिसाब से कुछ भी नहीं है स्वास्थ्य क्षेत्र में माफियाओं के हाथों सौंपे जाने से आम जनता लुटने मजबूर होगी, आयुष्मान के नाम से निजी अस्पताल अपनी तिजोरियां भरेंगे। कुल मिलाकर बजट जनविरोधी और बुनियादी समस्याओं से मुंह मोड़ने बाला है।

होली उत्सव पर किया पौधरोपण

सौसर, देशबन्धु। 14 मार्च 2025 को सौंसर नगर के वार्ड नंबर चौदह के निवासी सेवनिवृत फौजी नत्थू बुले भाई इनके निवास हर वर्षानुसार इस वर्ष भी वृक्ष मित्र अरूण ठाकरे तथा सन्मित्र परिवार की ओर से आम के पौधे का फ़ौजी भाई के निवास पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं संरक्षीत रखने तथा पौधे को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर रमेश खंडाईतकर ने सभी मित्र मंडली को जलपान कराकर तथा तिलक लगाकर होली की शुभकामनाए प्रेषित की उक्त पुनित कार्य में मदन चावके, युवराज हिंगवे , मोरेश्वर केचे, पुरूषोत्तम आकोटकर, रविकांत कोठे, सुरेश ठाकरे, बालक कबीर पारवे तथा बंडू ठाकरे आदि लोगों ने सहयोग प्रदान किया। सभी के द्वारा तिलक लगाकर सुखी होली मनाई गई।

31 गांव के भ्रमण पर निकली कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा

रामाकोना, देशबन्धु । संतो की नगरी श्री तीर्थ क्षेत्र पैठण तुल्य संत हिरामण महाराज एवं संत वाताजी महाराज की कर्मभूमि ग्राम रामाकोना में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी कन्हान नदी महोत्सव निमित्त होने वाले सिदोरी काला एवं श्री विठल मंदिर देवस्थान में होने वाली दहिलाई का निमंत्रण देने हेतु रविवार को श्री संत लीलामृत घाट एकनाथ महाराज मंदिर से कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा की पालकी शुभारंभ हुआ । यह पालकी इस वर्ष कन्हान नदी के किनारे बसें 31 गावों से होकर रामाकोना में समापन किया जायेगा ।

यह पालकी वरिष्ठ पत्रकार पीकेएस गुर्वे के मार्गदर्शन में एवं दिनकर पातुकर के संचालन में भजन मण्डलियों के सहयोग से निकलती है ।

परिक्रमा यात्रा के संचालक दिनकर पातुरकर ने बताया की इस परिक्रमा यात्रा निकालने का उदेश्य यह है की इस

परिक्रमा यात्रा के माध्यम से कन्हान नदी में होने वाले सिदोरी काला के लिए एवं विट्ठल मंदिर में होने वाली दही लाही के लिए निमंत्रण देना होता है ।

ग्राम पंचायत सरपंच ने रथ का पूजन कर किया रवाना - ग्राम पंचायत प्रांगण रामाकोना में ग्राम की सरपंच कोकिला देवेन्द्र चौधरी, उपसरपंच संतोष चौधरी, जनपद सदस्य गुलाबराव पांडे, पंच नीलम खडसे, आकाश खंडाईत एवं अन्य ग्रामवासीयों की उपस्थिति में कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा रथ का विधिवत पूजन कर रवाना किया गया ।

जनपद सदस्य डॉक्टर पांडे ने सह पत्नीक की पालकी की पूजा - पांडे निवास पर कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा पालकी का पूजन क्षेत्र के जनपद सदस्य डॉक्टर गुलाबराव पांडे एवं डॉक्टर विजया पांडे ने किया गया । पालकी संचालक एवं मार्गदर्शक को शुभकामनायें प्रेषित की गयी ।

दैनिक राशिफल

सोमवार 17 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र- चित्रा।

मेष
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.